हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 147 देहरादून, शनिवार, 02 दिसंबर, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



पीएम की मदद न मिलती तो फेल हो जाता सिलक्यारा अभियान : धामी 3

# उत्तराखंड निवेश के लिए सर्वाधिक मुफीद : मुख्यमंत्री

## देहरादून में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स मीट का हुआ आयोजन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 2 दिसंबर , मुख्यमंत्री ने सभी इंफ्लुएंसर्स का किया आह्वान, अपने-अपने माध्यम से करें डेस्टिनेशन उत्तराखंड और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का प्रचार-प्रसार , 8-9 दिसंबर को देहरादून में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दृष्टिगत मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज एक होटल में आयोजित सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स मीट को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी इंफ्लुएंसर्स का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में आप सबकी बड़ी भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड तेजी से एक उभरता हुआ डेस्टिनेशन देश-दुनिया के लोगों के लिए बन रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां चारधामों से लेकर अनेक देवस्थान हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून व्यवस्था के लिहाज से उत्तराखंड देश के सबसे सुरक्षित राज्यों में से एक है और निवेश के लिए सर्वाधिक मुफीद है। उन्होंने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट को लेकर हम देश व विदेश में कई स्थानों पर गए जहां से बहुत अच्छा रिस्पांस इसे लेकर मिला है। अब तक 2 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव पर हस्ताक्षर हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का ज्यादा से ज्यादा फोकस रोजगार सृजन पर है। इसी के मद्देनजर आगामी 8-9 दिसंबर को देहरादून में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट में अभी लगभग एक सप्ताह का समय है। उन्होंने सभी का आह्वान किया कि अपने माध्यम से वे देश-दुनिया में इस आयोजन का प्रचार प्रसार करें ताकि डेस्टिनेशन उत्तराखंड, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट सब जगह ट्रेंड हो जाए। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग पूरे मनोयोग के साथ यहां आए हैं और शायद यह प्रभु ने ही तय किया होगा कि आप सभी लोग यहां आएं। उन्होंने कहा कि मेरा ऐसा मानना है कि इस दुनिया में जो कुछ होता है वह प्रभु की इच्छा से होता है और किसी न किसी माध्यम से हम सब जुड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप लोग उत्तराखंड की बात, उत्तराखंड की विशेषता को प्रमुखता से रखेंगे। यहां की तमाम विशेषताएं आप सभी के माध्यम से दुनिया को पता लगेगी।

इससे पहले सभी इंफ्लुएंसर्स के साथ मुख्यमंत्री का एक इंटरैक्टिव सेशन भी रखा गया जिसमें मुख्यमंत्री ने सभी इंफ्लुएंसर्स के सवालों के एक-एक कर जवाब दिए। इस मीट में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स अमित भड़ाना सहित प्रीती गांधी, रवि भदौरिया, अरविंद अरोड़ा, अनुभव दुबे, ऋषि बागरी, गौरव ठाकुर, अभिजीत जमलोकी, संदीप गुंसाईं, रोशन सिन्हा, मधुसूदन पाटीदार, प्रकाश भारद्वाज, सौरभ रावत, गौतम खट्टर, प्रशांत उमराव, रमेश सोलंकी, किरण कुमार, निखिल चतुर्वेदी, आरुषि, आदि ने प्रतिभाग किया।इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव शैलेश बगोली, सचिव विनय शंकर पांडेय, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी उपस्थित रहे।

# विश्वविद्यालय बहुगुणा जी की विकासवादी सोच का परिणाम : मुख्यमंत्री धामी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 2 दिसंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्व विद्यालय, श्रीनगर के स्थापना दिवस और स्वर्ण जयंती कार्यक्रम में वर्चुअल प्रतिभाग करते हुए विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह की सभी को शुभाकामना दी। उन्होंने हिमालय पुत्र स्वर्गीय हेमवती नन्दन बहुगुणा का स्मरण करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय उनकी विकासवादी सोच का परिणाम है। विश्वविद्यालय पिछले पांच दशकों से स्व. बहुगुणा जी के विकास के सपने को साकार करने हेतु प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि पचास वर्षों से विश्वविद्यालय अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर रहा है, इसी का परिणाम है कि 2009 में इसे केंद्रीय विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता मिली।






मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विश्वविद्यालय शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा अर्जित किए गए विभिन्न रिकॉर्ड विश्वविद्यालय के कुशल नेतृत्व और विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के अथक परिश्रम का प्रतिफल है। विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षण के माध्यम से लोगों को कृषि, मोटे अनाज के उत्पादन, पर्यावरण, आर्थिकी, संस्कृति, स्थानीय भाषा, के क्षेत्र में कुशल एवं जागरूक भी बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक प्रयास कुछ मामलों में अत्यंत विशेष हैं। लगभग 13 हजार फुट की ऊँचाई पर स्थित तुंगनाथ में यह विश्वविद्यालय अपने अथक प्रयासों से एक शोध विस्तारण केन्द्र को संचालित कर रहा है, जिसके अन्तर्गत उच्च हिमालयी दुर्लभ प्रजाति के अनेक औषधीय तथा सगंध पादपों पर शोध किया जाता है। यह कार्य शोध, आयुर्वेद एवं चिकित्सा के साथ ही यहां की आर्थिकी के विकास में भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय ने अपने विशिष्ट प्रयासों से जनसामान्य के लिए इस क्षेत्र की धरोहरों को संग्रहित, संरक्षित एवं प्रदर्शित करने के उद्देश्य से एक पुरातात्त्विक संग्रहालय की स्थापना भी की है, यह अत्यंत सराहनीय कार्य है।

आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में संपूर्ण विश्व न केवल हमारी शक्ति और ज्ञान परंपरा से परिचित हो रहा है बल्कि प्रत्येक क्षेत्र में हमारा अनुसरण करने को भी तत्पर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''एक भारत-श्रेष्ठ भारत'' के स्वप्न को साकार करने हेतु उत्तराखंड में डबल इंजन की सरकार निरंतर कार्य कर रही है। देहरादून में सांइस सिटी का निर्माण, हल्द्वानी में देश के पहले एस्ट्रो पार्क का निर्माण, अल्मोड़ा में सांइस सेंटर का निर्माण इसके कुछ विशिष्ट उदाहरण हैं। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से राज्य सरकार भी प्रदेश के सर्वांगीण विकास की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है।

इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से विधायक श्री विनोद कण्डारी, कुलपति हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्व विद्यालय, प्रो.अन्नपूर्णा नौटियाल, निदेशक जी.बी.पन्त राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान प्रो. सुनील नौटियाल, कुलपति नार्थ ईस्ट सेंट्रल वि.वि. डॉ. प्रभा शंकर शुक्ला एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# Sim-Upi में बड़ा बदलाव जान लें नियम वरना लगेगा 10 लाख का जुर्माना होगी जेल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 02 दिसंबर : साल 2023 अपने आखिरी पड़ाव पर चल रहा है और आखिरी महीना दिसंबर शुरू हो गया है. नए महीने के साथ ही नए बदलाव और नियम लागू हो रहे हैं। इसमें सिम कार्ड, यूपीआई आईडी से जुड़े कई नए नियम हैं, जो आपकी जेब और जिंदगी दोनों पर असर डालेंगे।

आइए जान लेते हैं 1 दिसंबर, 2023 से आपके लिए क्या-क्या बदलाव हुए है।  एक दिसंबर 2023 से देश में कई सारे बदलाव हुए हैं। एक बड़ा बदलाव सिम कार्ड को लेकर हुआ है। सिम कार्ड को नए सरकार ने नए नियम बनाए हैं जो एक दिसंबर से लागू हुआ है ।सिम कार्ड के नए नियम के उल्लंघन पर 10 लाख रुपये का जुर्माना और जेल की सजा का भी प्रावधान है।

1 दिसंबर, 2023 से देश में सिम कार्ड को खरीदने और बेचने से जुड़े नए नियम लागू हो रहे हैं. पहले होता था कि लोग एक आईडी पर कई सिम एक साथ खरीद लेते थे, लेकिन अब 1 दिसंबर से एक आईडी पर लिमिटेड संख्या में ही सिम खरीदने की अनुमति रहेगी। इसी साल अगस्त में नए सिम कार्ड को लेकर सरकार की ओर से नई गाइडलाइन जारी की गई थी जो कि एक दिसंबर को लागू हो गई है ।सरकार ने नई गाइडलाइन जारी करते हुए कहा था कि 8 महीने में देश में 52 लाख मोबाइल कनेक्शन बंद किए गए हैं, जबकि 67,000 डीलरों को ब्लैक लिस्ट में डाला गया है।

करीब 300 सिम डीलरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। फर्जी सिम कार्ड गिरोह में शामिल करीब 66,000 WhatsApp अकाउंट को भी ब्लॉक किया गया है सिम कार्ड बेचने वाले सभी डीलरों को पुलिस वेरिफिकेशन कराना होगा। यदि कोई डीलर ऐसा नहीं करता है और थोक में सिम कार्ड बेचता है तो उसके ऊपर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है और जेल की सजा भी हो सकती है। सभी सिम डीलरों को अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन कराना होगा। यदि आप किसी कारणवश अपने मौजूदा नंबर के लिए नया सिम कार्ड लेते हैं तो आपको फिर से आधार कार्ड देना होगा और एड्रेस प्रूफ भी देना होगा। अब एक आईडी कार्ड पर सीमित संख्या में ही सिम कार्ड जारी होंगे। यदि कोई बिजनेस चला रहा तो वह अधिक सिम ले



सकेगा।

आम आदमी एक आईडी पर अधिकतम 9 सिम कार्ड ले सकता है। सबसे अहम बात नए नियम के मुताबिक नंबर बंद होने के 90 दिन बाद ही उस नंबर से नया सिम कार्ड जारी किया जाएगा। सिम बंद होने के तुरंत बाद उसी नंबर से नया सिम जारी नहीं होगा। पेमेंट रेगुलेटरी NPCI ने हाल ही में एक सर्कुलर जारी कर थर्ड पार्टी ऐप प्रोवाइडर्स और पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर्स से कहा कि वो ऐसी यूपीआई आईडीज़ को डीएक्टिवेट करें, जिन्होंने एक साल से अपनी आईडी से कोई ट्रांजैक्शन नहीं किया है।31 दिसंबर तक ऐसे इनएक्टिव कस्टमर्स की यूपीआई आईडी को डीएक्टिवेट कर दिया जाएगा. ऐसी आईडीज़ पर इनवर्ड ट्रांजैक्शन नहीं हो पाएगा यानी फंड नहीं आ पाएगा, लेकिन पेमेंट कर सकेंगे। अगले साल अक्टूबर के पहले अपना सर्टिफिकेट जमा कर लेते हैं, तो आपका पेंशन रिज्यूम हो जाएगा।

प्राइवेट बैंक एचडीएफसी बैंक ने अपने Regalia Credit Card को लेकर कुछ बदलाव किए हैं. इसमें लाउंज एक्सेस के लिए खर्चों की लिमिट बढ़ाई गई है. अब लाउंज एक्सेस करने के लिए यूजर्स को एक तिमाही में कम से कम 1 लाख रुपये खर्च करने होंगे।

वाउचर क्लेम करने के लिए यूजर को स्मार्ट बाई पे और लाउंज बेनेफिट पर जाकर क्लेम डालना होगा। साथ ही ये शर्त भी रखी गई है कि वो एक तिमाही में 2 बार ही लाउंज बेनेफिट ले सकेंगे। इस पर 2 रुपये की ट्रांजैक्शन फीस भी लगेगी। डीमैट अकाउंट रखने वालों के लिए दिसंबर का महीना आखिरी मौका होगा अपना डीमैट नॉमिनेशन कराने का. 31 दिसंबर, 2023 तक नॉमिनेशन कराना जरूरी है। इसके लिए आपका पैन, नॉमिनेशन, कॉन्टैक्ट एड्रेस, बैंक डीटेल, सिग्नेचर वगैरह जमा करना होगा. ऐसा नहीं करने पर फोलियो को फ्रीज कर दिया जाएगा।

# इस रेस्टोरेंट मोटे लोगों की एंट्री BAN

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



ब्यूरो रिपोर्ट 02 दिसंबर : दुनिया में विचित्र जगहों की कोई कमी नहीं.जब इनके बारे में लोगों को पता चलता है तो हैरान रह जाते हैं. सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि आखिर ऐसा भी हो सकता है? आज हम एक ऐसे ही जगह के बारे में आपको बताने जा रहे हैं. क्या आप एक ऐसे रेस्टोरेंट की कल्पना कर सकते हैं जहां जाने के लिए लोगों को सारे कपड़े उतारने पड़े? शायद नहीं. मगर दुनिया में एक ऐसा रेस्टोरेंट है, जिसके नियम बेहद अजीबोगरीब हैं.

यहां मोटे लोगों की एंट्री पर भी पाबंदी है.बेहद क्रूर नियमों वाला यह रेस्टोरेंट जापान की राजधानी टोक्यो में खुला है. इस रेस्टोरेंट की न्यूड थीम नहीं बल्कि यहां एंट्री करने के नियम काफी चौंकाने वाले हैं. दरअसल, यहां आने वाले मेहमानों को पहले अपना वजन करना होता है. अगर वे ज्यादा मोटे पाए गए, तो उन्हें प्रवेश नहीं मिलता. इतना ही नहीं, अगर आपके शरीर पर टैटू या गोदना होगा तो आप प्रवेश नहीं कर पाएंगे. दिलचस्प बात इसका नाम 'द अमृत' रखा गया है जो भारतीय नाम की तरह लगता है.इसके मुताबिक,सिर्फ 18 से 60 साल की उम्र के बीच के लोग ही प्रवेश कर सकेंगे और उससे पहले उन्हें अपने कपड़े जमा कराकर रेस्टोरेंट द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले कागज के बने अंडर गारमेंट पहनने होंगे. यहां का वेटर और स्टाफ भी आपको उन्हीं ड्रेस में नजर आएगा. इसमें यह भी लिखा है कि अगर आपका वजन आपके कद के औसत वजन की तुलना में 15 किलो या उससे ज्यादा पाया गया तो आपको इजाजत नहीं दी जाएगी.अगर आप दिखने में ज्यादा वजनी लगे, तो आपका वजन तौला भी जा सकता है.

# डायबिटीज का खतरा बढ़ाती हैं आपकी रोज की ये आदतें




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 02 दिसंबर : लगातार बिगड़ रही जीवनशैली का असर अब हमारे स्वास्थ्य पर भी दिखने लगा है। दुनियाभर में इन दिनों डायबिटीज की समस्या तेजी से बढ़ती जा रही है। बीते कुछ समय से भारत में भी इसके मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है, जिसमें शरीर पर्याप्त इंसुलिन नहीं बना पाता है और इसकी वजह से शरीर में ब्लड शुगर का स्तर बढ़ जाता है।

डायबिटीज एक लाइलाज बीमारी है, जो एक बार होने पर पूरे जीवन आपके साथ रहती है। हालांकि, कुछ दवाइयों और खानपान में बदलाव कर इसे काफी हद तक कंट्रोल किया जा सकता है। डायबिटीज की वजह से व्यक्ति को अन्य कई स्वास्थ्य समस्याएं जैसे हृदय रोग, स्ट्रोक, किडनी रोग, अंधापन और नर्वस सिस्टम संबंधी समस्याएं आदि हो सकती हैं। ऐसे में इस बीमारी से बचने के लिए अपनी कुछ आदतों में सुधार करना बेहद जरूरी है। आज इन आर्टिकल में हम आपको बताने जा रहे हैं, आपकी कुछ ऐसी ही आदतों के बारे में, जो डायबिटीज के खतरे को बढ़ा सकती है।

प्रोसेस्ड फूड, आर्टिफिशियल शुगर वाले ड्रिंक और अनहेल्दी फैट वाले आहार का सेवन करने से मधुमेह विकसित होने का खतरा बढ़ सकता है। ये फूड आइटम्स आपके ब्लड शुगर के स्तर को बढ़ा सकते हैं, जो आपकी कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकते हैं और आपके शरीर के लिए इंसुलिन का उत्पादन या उपयोग करना कठिन बना सकते हैं। शारीरिक गतिविधि की कमी भी डायबिटीज का एक मुख्य कारण है। पर्याप्त एक्सरसाइज न करने से भी मधुमेह का खतरा बढ़ सकता है। व्यायाम आपके शरीर को इंसुलिन को अधिक प्रभावी ढंग से उपयोग करने में मदद करता है, जो आपके ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित रखने में मदद कर सकता है।

# ये कंपनी सोने के लिए भी देती है छुट्टी, मिलता है खास तोहफा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 02 दिसंबर  : आपने अक्सर देखा होगा कि त्योहारों या फिर किसी कार्यक्रम के अवसर पर कंपनियां कुछ न कुछ तोहफा (Gift) अपने कर्मचारियों को देती हैं. ताकि उस कंपनी में काम करने वाले लोग खुश रहें. गूगल - अमेजन जैसी कंपनियां भी अपने एम्प्लॉई को खुश करने के लिए गिफ्ट देती हैं. लेकिन बेंगलुरू (Bangalore) की एक कंपनी ने अपने कर्मचारियों को एक ऐसा तोहफा दिया है जो सबसे अलग है.

यहां की एक कंपनी ने इंटरनेशनल स्लीप डे के मौके पर अपने कर्मचारियों को सोने की छुट्टी दी है. कंपनी ने अपने कर्मचारियों को मेल करते हुए लिखा कि वेकफिट के साथ नींद के बेहतरीन उपहार का अनुभव करें ! वर्ल्ड स्पीप डे पर सभी वेकफिट कर्मचारियों कोआराम दिया गया है. इसके बाद कर्मचारियों ने इसे अपने सोशल मीडिया पर साझा किया है.वर्ल्ड स्लीप डे पर छुट्टी पाने के बाद कंपनी के कर्मचारी भी काफी ज्यादा उत्साहित हैं. उन्हें 3 दिन का ऑफ मिल गया जिसकी वजह से वो कहीं घूमने का भी प्लान बना सकते हैं. ये घोषणा करते हुए कंपनी अपने सभी कर्मचारियों को वैकल्पिक अवकाश देकर अंतरराष्ट्रीय नींद दिवस मना है. कंपनी का कहना है कि हम स्लीप डे को एक त्योहार के रूप में मनाएंगे.कंपनी ने मेल करते हुए सब्जेक्ट में लिखा कि  'सरप्राइज हॉलिडे अनाउंसिंग द गिफ्ट ऑफ स्लीप'. मेल करते हुए कंपनी ने ये भी लिखा कि ग्रेट इंडियन स्लीप स्कोरकार्ड के छठवें सीजन से पता चलता है कि 2022 के बाद से काम के घंटों के दौरान नींद महसूस करने वाले लोगों में 21% की बढ़ोत्तरी हुई. इसके अलावा काम करने के दौरान थके हुए और जागने वाले लोगों में 11 फीसदी की वृद्धि हुई है. जिसकी वजह से इस स्लीप डे को मनाने के इससे बेहतरीन कुछ भी नहीं हो सकता. इसलिए कर्मचारियों को नींद का उपहार दिया जाता है.



# पीएम की मदद न मिलती तो फेल हो जाता सिलक्यारा अभियान : धामी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई दिल्ली , 2 दिसम्बर , सीएम पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए कहा कि सिलक्यारा सुरंग हादसे में 41 श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालना एक बड़ी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन के चलते ही यह बचाव अभियान सफलतापूर्वक पूरा हो सका । केन्द्र सरकार की ओर से भेजी गई विशेषज्ञ बचाव एजेंसियों की बदौलत हम श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालने में कामयाब हो सके। 17 दिन 41 जिंदगियों के लिए पूरा देश प्रार्थना कर रहा था।





सीएम धामी ने कहा कि सिल्क्यारा सुरंग मामले में प्रधानमंत्री अगर पर्याप्त संसाधन और मानवीय सहायता प्रदान नहीं करते तो यह अभियान सफल नहीं हो पाता। 12 नवम्बर की सुबह दीपावली के दिन यह हादसा हुआ। उसी दिन शाम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फोन करके मुझसे घटना की पूरी जानकारी ली। सुरंग में फंसे सभी 41 श्रमिकों को किसी भी कीमत में सकुशल बाहर निकालना हमारी प्राथमिकता थी। उनकी प्रेरणा से राज्य सरकार मजबूती के साथ बचाव अभियान में जुटी। बचाव में लगी टीमों का मनोबल बढ़ा।

सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमे आश्वस्त किया कि आप मोर्चे पर डटें रहें, मिशन को अंजाम तक पहुंचाने में संसाधनों और विशेषज्ञों की कोई कमी नहीं रहेगी। शुरू से लेकर अंत तक प्रधानमंत्री ने मार्गदर्शन किया और पल-पल की जानकारी लेते रहे। उन्होंने सिलक्यारा सुरंग से सकुशल बाहर निकाले गए श्रमिकों से फोन पर बातचीत कर उनके स्वास्थ्य और कुशलक्षेम की जानकारी ली और इनका हौसला भी बढ़ाया। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया कि सुरंग से निकालने के बाद श्रमिकों के स्वास्थ्य देखभाल, घर छोड़ने व परिजनों आदि के लिए क्या व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि श्रमिकों और उनके परिजनों को घर तक छोड़ने की व्यवस्था भी की जाए।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार आने के बाद एक बड़ी तब्दीली ये आई है कि देश और दुनिया में कहीं भी संकट आया हो, भारत सरकार ने अपने नागरिकों को सुरक्षित स्वदेश लाने में कोई कमी नहीं छोड़ी है। मोदी सरकार ने मुसीबत में आ गए विदेश में रह रहे लोगों को कभी बेसहारा नहीं छोड़ा। ऐसा पहले की सरकारों में नहीं हुआ करता था। ये बड़ा बदलाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद आया है। यही विश्वास सुरंग में फंसे मजदूरों को और उनके परिजनों को था कि प्रधानमंत्री हर संसाधन उपलब्ध कराकर मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालेंगे देश जानता है कि वह पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने श्रमिकों को उच्च कोटि का सम्मान केवल शब्दों से ही नहीं दिया है व्यवहार में भी दिखाया है। वह काशी में मजदूरों के चरण धोते हैं। नई संसद के उद्घाटन में श्रमिकों के साथ भागीदारी करते हैं उनसे संवाद करते हैं। श्रमिकों पर पुष्प वर्षा करते हुए देश ने पहली बार किसी प्रधानमंत्री को देखा है। यह प्रधानमंत्री का ही मानस है कि उन्होंने दिल्ली में बहुउद्देशीय विश्वकर्मा भवन के निर्माण के द्वारा श्रमिकों के प्रति अपने अगाध सम्मान को प्रदर्शित किया है।

सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति का ही नतीजा है कि भारत ने न सिर्फ संकटकाल में अपने नागरिकों को बचाया है बल्कि जल, थल, नभ में सफल अभियान चलाकर कई विदेशी नागरिकों के जीवन की भी रक्षा कर दुनिया के सामने मानवता और जबरदस्त टीम वर्क के कई उदाहरण पेश किए हैं। ताजा उदाहरण हमास और इजरायल के युद्ध के बाद फंसे हुए भारतवासियों को सुरक्षित स्वदेश लाना हो, रूस यूक्रेन युद्ध में भारतीयों के लिए दोनों देशों के द्वारा युद्ध रुकवाना हो, हमारे नागरिकों की सुरक्षित वापसी प्रधानमंत्री के कार्यकाल में गारंटी बन गई है। यह प्रधानमंत्री द्वारा आज विश्व में भारत की प्रतिष्ठा का प्रभाव है कि सूडान यमन और अफगानिस्तान की स्थिरता के समय भारतीयों को सुरक्षित भारत लाकर प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों को एक भरोसा दिलाया है कि वह एक संवेदनशील अभिभावक की तरह है अपने नागरिकों की पल-पल चिंता करते हैं। कोरोना महामारी के समय पूरी दुनिया से भारतीय सुरक्षित अपने देश लौटे। इसी विश्वास ने हमें शक्ति दी और सिलक्यारा से सभी श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित बाहर निकाले गए।

# उत्तराखंड : अगले तीन ऐसा रहेगा मौसम, 6 जिलों में बारिश का अलर्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 02 दिसंबर : उत्तराखंड में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। पर्वतीय इलाकों में बारिश-बर्फबारी का असर निचले इलाकों में बढ़ती ठंड के रूप में महसूस किया जा रहा है। ऊंचाई वाले इलाकों में पिछले तीन दिन से बारिश हो रही है। बदरीनाथ, केदारनाथ और हेमकुंड समेत चार धामों में जमकर बर्फबारी भी हुई। जिससे ठिठुरन बढ़ गई है। राज्य मौसम विभाग ने मौसम पूर्वानुमान जारी करते हुए राज्य के हरिद्वार एवं ऊधमसिंह नगर जनपदों में घना कोहरा छाए होने की संभावना जताई है।

जबकि उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। कहीं-कहीं हल्की बारिश होने आसार हैं।

मैदानी क्षेत्रों में कोहरा लोगों की मुश्किलें बढ़ाएगा। मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन दिनों तक पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है, हालांकि मैदानी इलाकों में लोगों को कोहरे का सामना करना पड़ सकता है।

पहाड़ों में पाला पड़ने से लोगों की दिक्कतें बढ़ेंगी। इससे तापमान में तेजी से गिरावट आएगी। पर्वतीय क्षेत्र में आंशिक रूप से बादल छा सकते हैं। यहां पाला गिरने से सड़कों पर फिसलन हो सकती है। ऐसे में वाहन चालकों से अपील की जाती है कि वो सावधानी पूर्वक वाहन चलाएं। रफ्तार के जुनून को खुद पर हावी न होने दें। घर से निकलने से पहले मौसम का अपडेट लेना न भूलें। बदलते मौसम में स्वास्थ्य को लेकर सावधानी बरतें।



# मंत्री सौरभ बहुगुणा ने दिलाई विकसित भारत की शपथ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

खटीमा , 2 दिसम्बर , विकासखंड खटीमा (ग्राम पंचायतें-भड़ा भुड़िया, फुलैया,जोगीठेर नगला, जंगल जोगीठेर) एवं सितारगंज (ग्राम पंचायतें- राजनगर, अरविंद नगर) एवं रुद्रपुर (ग्राम पंचायत खामियां नं. ४ खमियां नं.-२ ) में लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्धद्ध रूप से पहुंचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समस्त ग्राम पंचायतों में बहुउद्देशीय शिविर के आयोजन में स्वास्थ्य विभाग मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग, गन्ना विकास विभाग नलकूप विभाग खाद्य विभाग, पेयजल विभाग,समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग द्वारा स्टाल लगाई गई। उक्त आयोजित कार्यक्रमों में विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को आई.ई.सी प्रचार वाहन की एलईडी के माध्यम से विभागीय जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया साथ ही मौके पर लाभार्थियों को संबंधित विभागों द्वारा राज सहायता पर निवेशों/सामग्रियों का वितरण भी किया गया। समस्त कार्यक्रमों में लाभार्थियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव साझा किया गया। समस्त ग्राम पंचायतों में हेल्थ कैंप भी लगाए गए जिसमें लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।



ग्राम पंचायत राज नगर एवं अरविंद नगर विकासखंड सितारगंज में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा भी उपस्थित रहे तथा लाभार्थियों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई गई। समस्त विभागों द्वारा विभागीय जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।



# पूर्व डीआईजी जगतराम जोशी बने बड़ी मिसाल
# दिव्यांगों के लिए खोल दिया अपना रिटायरमेंट फंड

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तरकाशी 02 दिसंबर। अपने सेवाकाल में जनता की सेवा के बाद भी पूर्व डीआईजी जगतराम जोशी समाज में अपनी छाप छोड़ रहे हैं। लगातार जरूरतमंद व असहाय लोगों की मदद करने वाले पूर्व डीआईजी जगतराम जोशी ने 50 गाँव के 500 से अधिक गरीब परिवारों को बढ़ती ठंड से बचाव के लिए रजाई गद्दे बांटे। तो वहीं जगतराम जोशी ने एक बार फिर दिल जीतने वाला काम कर दिखाया है।

उत्तरकाशी जिला स्थित नोगाँव क्षेत्र के विजय पब्लिक स्कूल में पूर्व डीआईजी जगतराम जोशी ने 1 लाख 62 हजार रुपए की आर्थिक मदद की। स्कूल द्वारा पत्र जारी करते हुए सेवानिवृत्त डीआईजी का धन्यवाद किया। स्कूल इन दिनों फंड की कमी से जूझ रहा था। स्कूल के सामने एक बड़ा संकट आन खड़ा हुआ था। स्कूल द्वारा बताया गया जगतराम जोशी द्वारा की गई इस मदद से स्कूल में पढ़ने वालों दिव्यांग छात्रों के लिए रजाई व गद्दों जैसी आवश्यक समान की व्यवस्था की गई। साथ ही स्कूल में कार्य करने वाले अध्यापकों व कर्मचारियों के सामने खड़े हुए वेतन के संकट को भी काफी हद तक दूर किया गया। स्कूल अध्यक्ष द्वारा पत्र के माध्यम से पूर्व डीआईजी के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की है।












# दूल्हे को डेंगू हुआ तो दुल्हन ने किया कमाल !

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**


ब्यूरो रिपोर्ट , 2 दिसंबर , गाजियाबाद के एक अस्पताल में भी ऐसा ही कुछ हुआ। जहां डेंगू की वजह से अस्पताल में भर्ती दूल्हे की शादी मैरिज हॉल की बजाय अस्पताल में हुई। दिल्ली के कोंडली के रहने वाले अविनाश की शादी फरीदाबाद निवासी अनुराधा से तय हुई थी। शादी 27 नवंबर को होनी थी, जिसके लिए लड़की पक्ष की ओर से पलवल में बैंकेट हॉल भी बुक कराया गया था। प्लेटलेट्स काउंट बहुत कम होने के कारण दूल्हे को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। परिजनों ने अस्पताल में शादी कराने का फैसला किया। मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली के एक हॉल में विवाह मंडप सजाया गया। अस्पताल में सजे मंडप में दूल्हा-दुल्हन ने एक दूसरे को वरमाला पहनाई। शादी संपन्न होने के बाद दूल्हा-दुल्हन ने माता-पिता के पांव छूकर आशीर्वाद लिए।

**शादी से चार दिन पहले खराब हुई तबीयत**

गाजियाबाद के रहने वाले अविनाश कुमार की तबीयत शादी से 4 दिन पहले खराब हो गई। बुखार और थकान के कारण अविनाश दो दिन तक बिस्तर से उठ नहीं सके। डेंगू की पुष्टि होने के बाद 25 नवंबर को उनके परिजनों ने वैशाली के मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया। अविनाश का ब्लड प्लेटलेट्स काउंट गिरकर 10 हजार पर पहुंच गया। डॉक्टरों के मुताबिक, ब्लड प्लेटलेट्स काउंट 20 हजार से नीचे होने पर मरीज को गंभीर श्रेणी का माना जाता है। अविनाश की तबीयत को देखते हुए उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज भी नहीं किया जा सकता था। ऐसी में परेशान हाल में परिजनों ने शादी को कुछ दिनों के लिए स्थगित करने का सोचा।

**अस्पताल प्रबंधन को दिया शादी का आवेदन**

बाद में दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से अविनाश और अनुराधा को अस्पताल में ही पहले से शादी के लिए तय समय पर ही परिणय सूत्र में बांधने पर रजामंदी जताई। शादी के लिए अस्पताल में मंडप सजाया गया। सोमवार को शादी का शुभ मुहूर्त देखकर दोनों को एक दूसरे का जीवन साथी बना दिया गया। परिजनों ने इसके लिए अस्पताल प्रबंधन से कम लोगों की मौजूदगी में शादी का आवेदन दिया। अस्पताल प्रबंधन ने इस अजीबोगरीब आवेदन पर शादी करने की इजाजत दे दी। 27 नवंबर की शाम शेरवानी में अविनाश थे और उनकी दुल्हन बनी अनुराधा लहंगे में सजी धजी अस्पताल पहुंची। जहां परिजनों की मौजूदगी में अविनाश और अनुराधा ने एक दूसरे को वरमाला पहनाई और परिणय सुत्र में बंध गए।



# दिमाग पर भी असर डालती है ठंड



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 2 दिसंबर , सर्दी के मौसम में जहां सेहत सबसे ज्यादा खराब होती है वहीं मूड स्विंग्स की वजह से भी लोग परेशान रहते हैं। ठंड की वजह से उदासी और डिप्रेशन छाने लगता है। जैसे-जैसे तापमान गिरता है और सूरज की रौशनी कम होने लगती है, इसका असर दिमाग पर पड़ने लगता है। सर्दियों का मौसम अपने साथ मानसिक स्वास्थ्य के लिए कई चुनौतियां लेकर आता है। ठंड के महीनों में कई लोगों को अपनी मानसिक स्थिति में बदलाव नजर आने लगता है। इसे आम भाषा में 'विंटर ब्लूज़' कहा जाता है। ये सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर होता है। जानिए मानसिक स्वास्थ्य पर सर्दी के मौसम का असर क्यों होता है और इसे कैसे कम किया जा सकता है।

धूप कम निकलना- सर्दियों में मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारणों में सबसे बड़ा कारण है धूप कम निकलना। नेचुरल सन लाइट कम होने की वजह से मूड स्विंग्स होने लगते हैं। सूरज की रोशनी हमारी बायलॉजिकल क्लॉक को प्रभावित करती है जिसकी वजह से सेरोटोनिन का प्रोडक्शन कम होने लगता है। इससे मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। ऐसी स्थिति में आपको उदासी और सुस्ती की फीलिंग आने लगती है, जो लंबे वक्त तक रहने पर डिप्रेशन में भी बदल सकती है।

सोने और जागने का समय बदलना- सर्दी के मौसम में हमारे सर्कैडियन लय में बदलाव आने लगता है। हमारी इंटरनल बायलॉजिकल क्लॉक यानि सोने और जागने का चक्र बदल जाता है।

नेचुरल सन लाइट कम होने की वजह से सर्दियों में सुबह लोग लेट सोकर जागते हैं। ऐसे में कई बार लोगों को रात में नींद नहीं आने की समस्या होने लगती है। नींद में खलल पड़ने से मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। जिससे तनाव और चिंता बढ़ने का खतरा रहता है।व्यायाम और फिजिकल एक्टिविटी कम होना- कड़ाके की सर्दी का मौसम में लोगों की फिजिकल एक्टिविटी काफी कम हो जाती है। लोग बाहर होने वाली गतिविधियों और व्यायाम में शामिल होने से बचते हैं, जो मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में अहम भूमिना निभाते हैं। शारीरिक गतिविधि कम होने पर सुस्ती छाई रहती है और दिमाग पर असर पड़ता है।लोगों का मिलना-जुलना कम- ठंड के दिनों में लोगों को मिलना जुलना भी कम हो जाता है। सर्दी की वजह से अक्सर लोग घर के अंदर ही रहना पसंद करते हैं। ऐसे में लोगों का सोशल कनेक्शन कम होने लगता है। सीमित सामाजिक संपर्क मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव डालता है। ठंड के मौसम और बाहर जाने का मन नहीं करता और अकेलेपन की वजह से अवसाद वाली भावना पैदा होने लगती है।

विटामिन डी कम होना- ठंड के दिनों में शरीर में विटामिन डी की कमी होने लगती है, जिसका असर मानसिक स्वास्थ्य पर सबसे ज्यादा पड़ता है। विटामिन डी कम होने पर हड्डियों में दर्द, सूजन, चिड़चिड़ापन और तनाव बढ़ने लगता है। ऐसे में जब मौका मिले धूप में आधा घंटे जरूर बैठें। विटामिन डी से भरपूर डाइट लें और डॉक्टर की सलाह पर दवाएं भी ले सकते हैं।

# उत्तराखंड में नर्सिंग अधिकारी के पदों पर निकली बंपर भर्ती



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 02 दिसंबर : नर्सिंग के क्षेत्र में करियर बनाने की चाह रखने वाले युवाओं के लिए एक अच्छी खबर है। उत्तराखंड में नर्सिंग अधिकारी के पदों पर भर्ती निकली है। चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड की सचिव एवं अपर सचिव गरिमा रौंकली ने भर्ती के लिए आदेश जारी किए। भर्ती के माध्यम से 1455 पदों को भरा जाएगा। उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह भर्ती चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन राजकीय मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग अधिकारी के पदों को भरने के लिए आयोजित की जा रही है।

भर्ती के लिए 12 दिसंबर से ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरे जाएंगे। इन पदों पर वर्षवार मेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। प्रदेश सरकार की ओर से नर्सिंग अधिकारी पदों की भर्ती वर्षवार मेरिट आधार पर करने को लेकर शासनादेश जारी किया गया था। जिसके बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज दून, श्रीनगर, हल्द्वानी, अल्मोड़ा और स्टेट कैंसर संस्थान, हल्द्वानी में नर्सिंग अधिकारी के खाली पदों को भरने की कवायद शुरू हो गई है।

इच्छुक अभ्यर्थी 12 दिसंबर से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की लास्ट डेट एक जनवरी 2024 तय की गई है। कुल पदों में 288 पद अनुसूचित जाति, 211 पद अन्य पिछड़ा वर्ग, 59 पद अनुसूचित जनजाति, 211 पद आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित हैं। जबकि 753 पदों पर सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को मौका मिलेगा। चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने सामान्य वर्ग के लिए 300 रुपये आवेदन शुल्क निर्धारित किया है। जबकि एससी, एसटी, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग और दिव्यांग अभ्यर्थियों से 150 रुपये शुल्क लिया जाएगा।

# Email से कंपनियां आपको कर रही हैं ट्रैक !

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 2 दिसंबर , क्या आप जानते हैं आपको Email के जरिए भी ट्रैक किया जा रहा है। जी हां, मार्केटिंग ईमेल में अक्सर मेलचिम्प जैसे एम्बेडेड ट्रैकिंग सॉफ़्टवेयर होते हैं, जो कंपनियों को इस बात की जानकारी देते हैं कि ईमेल ओपन किया गया है या नहीं, इसे प्राप्तकर्ता ने किस समय और यहां तक की किस जगह से ओपन किया इस बात का भी पता लगाया सकता है। यानी इन मेल्स के जरिए आपकी लोकेशन भी ट्रक की जा रही है। ये ट्रैकिंग लिंक किसी फोटो के अंदर छिपा कर आप तक भेजे जाते हैं।हालांकि, इस ट्रैकिंग को रोकने के लिए Google ने 2014 से जीमेल में कुछ बदलाव किए। इसमें कंपनी ने प्रॉक्सी सर्वर का यूज किया था, जो कुछ ट्रैकिंग एप्लिकेशन से यूजर्स के एड्रेस को छुपा सकता है। इसके अलावा अग्ली ईमेल और पिक्सेल ब्लॉक जैसे एक्सटेंशन क्रोम और फ़ायरफ़ॉक्स पर ट्रैकर्स को ब्लॉक कर सकते हैं। आज हम इन्हीं में से एक सबसे पॉपुलर एक्सटेंशन के बारे में बताने जा रहे हैं। जिसका यूज करके आप Email ट्रैकिंग को ब्लॉक कर सकते हैं।

Email ट्रैकिंग को ब्लॉक करने के लिए सबसे पहले आपको एक क्रोम एक्सटेंशन




इनस्टॉल करना होगा। आइये स्टेप बाय स्टेप जानते हैं पूरा प्रोसेस...

Ugly Email एक्सटेंशन इंस्टॉल करने के लिए सबसे पहले गूगल पर जाएं।इसके बाद सर्च बार में Ugly Email सर्च करें।यहां पर सबसे पहले लिंक पर क्लिक करें।एक्सटेंशन को क्रोम में ऐड करने के लिए ऐड टू क्रोम पर क्लिक करें।एक बार इस एक्सटेंशन को ऑन करने के बाद अपने इनबॉक्स को रिफ्रेश करें।यहां आपको सभी ट्रैकिंग ईमेल के सामने एक Eye Icon दिखाई देगा।इस पर क्लिक करके आप ट्रैकिंग को ब्लॉक कर सकते हैं।

# सऊदी अरब का वर्क वीजा कैसे मिलता है ?




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 2 दिसंबर , विदेश में नौकरी करने का सपना देख रहे भारतीयों के लिए बुरी खबर है। खासकर सऊदी अरब में काम करने वालों के लिए, क्योंकि सऊदी अरब में काम करने के नियम बदल गए हैं। इससे भारतीय युवाओं को झटका लगेगा। साल 2024 से यह नया नियम लागू हो जाएगा। सऊदी अरब की सरकार के मानव संसाधन और सामाजिक विकास मंत्रालय ने इस नए नियम के बारे में जानकारी दी। नए आदेशों के अनुसार, 24 साल से कम उम्र के किसी भी शख्स को हाउस हेल्पर के तौर पर काम पर नहीं रखा जाएगा। इस नए नियम को लागू करने का मकसद जॉब मार्केट को कंट्रोल करना है।

**सऊदी अरब में 26 लाख भारतीय वर्किंग**

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सऊदी अरब की सरकार ने मोबाइल ऐप के जरिए विदेश कर्मचारियों को ऑनलाइन पेमेंट देने का नियम भी बदल दिया है। वहीं नए नियमों के अनुसार, सऊदी अरब के नागरिक, उनकी विदेश पत्नियां, उनके परिवार के सदस्य सऊदी अरब प्रीमियम वर्क परमिट धारक को नौकरी पर रख सकते हैं, लेकिन वर्क वीजा के नए नियमों से भारतीयों के लिए मुश्किल होगा, क्योंकि सऊदी अरब में इस समय कई भारतीय नौजवान नौकरी करते हैं। करीब 26 लाख भारतीय इस समय सऊदी अरब में हैं और नया नियम लागू होने के बाद 2024 में इनमें से आधे नौजवानों को नौकरी नहीं मिलेगी, जिससे उन्हें आर्थिक हानि उठानी पड़ेगी।

**सऊदी अरब का वर्क वीजा कैसे मिलता है ?**

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सऊदी अरब में ड्राइवर, कुक, गार्ड, माली, नर्स, दर्जी, नौकर आदि की जॉब करने के लिए अच्छी खासी सैलरी मिलती है। वहीं पहले लेवल का वर्क वीजा लेने के लिए अपनी इनकम दिखानी होगी। बैंक खाते में 40 हजार सऊदी रियाल होने चाहिए। सेकेंड वीजा के लिए कम से कम 7 हजार सऊदी रियाल कमाने होंगे। बैंक खाते में 60 हजार सऊदी रियाल होने चाहिए। थर्ड वीजा लेने के लिए कम से कम 25 हजार सऊदी रियाल कमाने होंगे। बैंक खाते में 2 लाख सऊदी रियाल होने चाहिए। वहीं साल 2023 में प्राइवेट कंपनियों में जॉब करने के वालों के लिए नियम बनाया गया कि वर्क वीजा की अवधि घटाकर 2 से एक साल कर दी गई।

# देहरादून में पांच दिन रूट रहेगें डायवर्ट, पढ़िए प्लान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 02 दिसंबर : देहरादून वासियों के लिए जरूरी खबर है। अगर आप घर से निकल रहे है तो ये खबर पढ़कर ही निकले। अगले कुछ दिनों तक जिले में रूट डायवर्ट रहेगा। इसकी वजह आईएमए पीओपी बताई जा रही है।यातायात पुलिस ने 9 दिसंबर को होने वाली आईएमए पासिंग आउट परेड को लेकर रूट डायवर्ट प्लान तैयार किया है। यातायात पुलिस ने 1 दिसंबर से 9 दिसंबर तक आईएमए पासिंग आउट परेड कार्यक्रम के दौरान यातायात डाइवर्ट प्लान तय किया है। परेड के दौरान आईएमए की ओर कोई भी यातायात नहीं जायेगा। आईएमए की तरफ जीरो जोन रहेगा।

इस समय रहेगा रूट डायवर्ट

मिली जानकारी के अनुसार 1 दिसंबर से 9 दिसंबर तक ट्रैफिक प्लान डायवर्ट रहेगा। 1 दिसंबर को शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक ट्रैफिक प्लान डायवर्ट रहेगा। 2 और 5 दिसंबर को सुबह 06 बजे से 11.30 बजे तक ट्रैफिक प्लान डायवर्ट रहेगा। 7 दिसंबर को सुबह 6 बजे से 12 बजे तक ट्रैफिक प्लान डायवर्ट रहेगा. 8 दिसंबर को 2 बजे से रात 9 बजे तक ट्रैफिक प्लान डायवर्ट रहेगा। 9 दिसंबर को सुबह 5 बजे से 1:30 बजे तक ट्रैफिक प्लान डायवर्ट रहेगा। हालांकि डायवर्ट समय को यातायात दबाव के अनुसार घटाया और बढ़ाया जा सकता है।

ये रहेगा ट्रैफिक डायवर्ट प्लान

बल्लूपुर से प्रेम नगर की ओर जाने वाले यातायात को रांघड वाला तिराहा से मीठी बेरी होते हुए प्रेमनगर भेजा जायेगा।प्रेम नगर से शहर की ओर आने वाले यातायात को प्रेमनगर चौक से दरू चौक और मिट्टी बेरी होते हुए शिमला बाईपास रोड से निरंजनपुर मंडी से शहर की ओर भेजा जायेगा।सेलाकुई और भाऊवाला से आने वाले सभी वाहनों को धूलकोट तिराहे से सिंघनीवाला होते हुये नया गांव से शहर की ओर भेजा जायेगा।देहरादून से विकासनगर की ओर जाने वाले भारी वाहनों को शिमला बाईपास से डायवर्ट कर विकास नगर धर्मावाला की तरफ भेजा जायेगा।






वहीं दूसरी ओर SSP देहरादून अजय सिंह ने भारी वाहनों से हो रही सड़क दुर्घटनाओं के दृष्टिगत बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने दुर्घटनाओ के लिहाज से संवेदनशील स्थानों पर भारी वाहनों के प्रवेश की समय सीमा निर्धारित कर दी है। दिन के समय संवेदनशील स्थानो पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। ये प्रतिबंध 1 दिसम्बर 2023 से लागू होंगे । बताया जा रहा है कि जनपद के निम्न प्रवेश क्षेत्रों / स्थलों पर समय प्रातः 06:00 बजे से रात्रि 22:00 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है।

धर्मावाला रानीपोखरी सहसपुर महाराणा प्रताप चौक रायपुर ट्रांसपोर्ट नगर आई0एस0बी0टी मसूरी डाईवर्जन लाल तप्पड़ मालदेवता चौक


इसके अतिरिक्त सड़क दुर्घटनाओ की प्रभावी रोकथाम हेतु जनपद के निम्न मार्गो / स्थलो पर प्रातः 09:00 बजे से रात्रि 21:00 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश को प्रतिबन्धित किया गया है।धूलकोट तिराहा से प्रेम नगर से बल्लूपुर से जी0एम0एस0 रोड से कमला पैलेस तक मार्ग के दोनो ओरआई0टी0 पार्क से सहस्त्रधारा क्रॉसिंग से तपोवन तिराहा से रायपुर तक मार्ग के दोनो ओरट्रांसपोर्ट नगर तिराहा से आशारोड़ी तक तक मार्ग के दोनो ओर ( मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण होने तक)

# पेट्रोल पंप पर कार से ही कट जाएगा पेमेंट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 2 दिसंबर , समय के साथ हमारी दैनिक दिनचर्या में टेक्नोलॉजी की भूमिका बढ़ती जा रही है. इससे आम लोगों का जनजीवन भी आसान हो गया है, एक वर्चुअल दुनिया है जहां पलक झपकते ही काम हो जा रहा है. एक जगह से दूसरी जगह पैसे भेजना मोबाइल के जरिए अब चुटकियों का खेल हो गया है. यही वजह है कार कंपनियां अपने आप को इस वर्चुअल दुनिया में आने से रोक नहीं पा रही हैं.

हम बात कर रहे हैं चेक गणराज्य की पॉपुलर कार ब्रांड स्कोडा की, स्कोडा ने अपनी कार के लिए नया फीचर लॉन्च किया है. जिससे आपको अब पेट्रोल पंप पर फ्यूल डलवाने के लिए न तो कैश पेमेंट करना पड़ेगा और न ही कार्ड स्वाइप करने की जरूरत होगी. ऑटोमेटिकली पेमेंट आपकी कार से ही कट जाएगा.स्कोडा ने इन-कार पेमेंट के जरिए ऑटोमोटिव दुनिया में डिजिटल मूवमेंट के लिए एक अनूठी पहल की है. स्कोडा का यह फीचर ICE मॉडल्स यानी पेट्रोल-डीजल से चलने वाली कारों के लिए है.




इस फीचर से ड्राइवरों या वाहन मालिक को अपनी कार के इंफोटेनमेंट स्क्रीन को वर्चुअल डेबिट या क्रेडिट कार्ड के तौर पर इस्तेमाल कर पायेंगे. इस फीचर का इस्तेमाल करके आसानी से ई-पेमेंट हो जाएगा.

कैसे काम करता है ये इन-कार ई-पेमेंट सिस्टम?

स्कोडा का यह इन-कार ई-पेमेंट फीचर कार के नेविगेशन सिस्टम में इंटीग्रेटेड होगा. इसका इस्तेमाल करना बेहद आसान है. सबसे पहले ड्राइवर को इंफोटेनमेंट सिस्टम पर दिख रहे पेट्रोल पंप का चुनाव करना होगा. इसके बाद नेविगेशन सिस्टम ऑटोमेटिक चुने गए पेट्रोल पंप की पहचान कर वहां पर पहुंचने के लिए डायरेक्शन देगा. फ्यूल पंप पर पहुंचने के बाद कार ड्राइवर को कितना फ्यूल डलवाना है उसे इंफोटेनमेंट सिस्टम में ऑप्शन मिलेगा, और यहीं से पेमेंट का भुगतान भी हो जाएगा. एक पर प्रोसेस पूरा होने के बाद ड्राइवर को 'माई स्कोडा' एप्लिकेशन पर एक नोटिफिकेशन भी मिलेगी.

## 12 सूत्रीय मांगों को लेकर डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ मुखर

बागेश्वर। 12 सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ मुखर हो गया है। अपनी मांगों को लेकर उन्होंने लोनिवि कार्यालय में धरना दिया। अपनी मांगों का एक ज्ञापन लोनिवि मंत्री सतपाल महाराज को भेजा। जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। संघ से जुड़े कर्मचारी गुरुवार को लोनिवि कार्यालय में पहुंचे। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कनिष्ठ अभियंताओं को तीन पदोन्नति देने, सहायक अभियंता से उच्च स्तरीय पदों पर डिप्लोमा इंजीनियर्स की पदोन्नति हेतु समानांतर गैलेसरी सृजन करने, पीएमजीएसवाई खंडों के लिए लोनिवि के पूर्व स्वीकृत रहे संवर्गीय पदों को पुर्नजीवित पूर्व की भांति करने, पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने समेत 12 सूत्रीय मांगों पर चर्चा की। जल्द समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है।

## कपकोट में दूसरे दिन भी बीएसएनएल सेवा ठप

बागेश्वर। कपकोट व भराड़ी क्षेत्र में बीएसएनएल की संचार सेवा दूसरे दिन भी पटरी से उतरी रही। बैंक व पोस्टऑफिस के लिए ग्रामीण क्षेत्र से आए लोग निराश होकर लौट गए। ऑनलाइन कारोबार चौपट हो गया है। शामा, लीती, बदियाकोट, कर्मी, बघर, पोथिंग, वाछम, किलपारा से आए लोग यहां आकर परेशान हो गए हैं। उनका कहना है कि वह 500 रुपये खर्च करने के बाद यहां आए हैं, लेकिन उनके कोई भी काम नहीं हो रहे हैं। उन्होंने बीएसएनएल विभाग से वयवस्था में सुधार लाने की मांग की है।

## खिलाडि़यों को प्रोत्साहित करने पहुंचे बहुगुणा

बागेश्वर। इंडोर स्टेडियम में प्रशिक्षण ले रहे बैडमिंटन खिलाडियों को प्रोत्साहित करने के लिए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा मौके पर पहुंचे। यहां उन्होंने खिलाडियों को खेल के टिप्स दिए। साथ ही, कपकोट विधायक, डीएम तथा पालिकाध्यक्ष के साथ हाथ भी आजमाए। सभी खिलाडियों से नशे से दूर रहने की हिदायत भी दी। देर शाम प्रभारी मंत्री जिले में पहुंचे। लोनिवि में विश्राम करने के बाद वह इंडोर स्टेडियम पहुंचे। उस वक्त प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ी बैडमिंटन खेल रहे थे।

# CBSE 10वीं और 12वीं में नहीं मिलेगी डिवीजन और डिस्टिंक्शन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 2 दिसंबर , केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बोर्ड परीक्षाओं यानी दसवीं या बारहवीं में स्टूडेंट्स को ओवरऑल डिवीजन या डिस्टिंक्शन देने से मना किया है. उनका कहना है कि अगर स्टूडेंट ने पांच से ज्यादा विषय लिए हैं तो ये इंस्टीट्यूट या इंप्लॉयर के ऊपर है कि वे कौन से पांच सब्जेक्ट्स को बेस्ट मानते हैं. सीबीएसई अपनी तरफ से ओवरऑल डिवीजन, डिस्टिंक्शन या एग्रीगेट नहीं देगा. स्टूडेंट के क्या परसनटेंज आए हैं, किन विषयों में डिस्टिंक्शन है और उसकी क्या डिवीजन है, ये सब नतीजों में नहीं होगा.

**इसके पहले इस नियम में भी हुआ था बदलाव :** बता दें कि इसके पहले सीबीएसई मेरिट लिस्ट रिलीज करना भी बंद कर चुका है. अब बोर्ड ने कई सवालों के जवाब में ये नोटिस जारी किया है जिसमें लोगों ने एग्रीगेट अंकों और डिवीजन के बारे में पूछा था. बोर्ड ने कहा है कि उनकी तरफ से न तो कुल अंकों का योग दिया जाएगा और न ही डिवीजन मेंशन की जाएगी. इतना ही नहीं डिस्टिंक्शन के बारे में भी बोर्ड कोई जानकारी नहीं देगा.

**कंपनी या संस्थान खुद लें निर्णय**

इस कंडीशन में अगर किसी संस्थान को या किसी कंपनी को सीबीएसई बोर्ड के स्टूडेंट के रिजल्ट को परखना है तो वो अपने हिसाब से पांच या उससे ज्यादा विषयों को देखकर फैसला कर सकते हैं. अगर स्टूडेंट ने पांच से ज्यादा सब्जेक्ट लिए हैं तो उसकी कंपनी या संस्थान तय करे कि उन्हें किन पांच विषयों को बेस्ट सब्जेक्ट में गिनना है.

अब सीबीएसई के दसवीं और बारहवीं के नतीजों में ओवरऑल डिविजन, डिस्टिंक्शन या एग्रीगेट अंक नहीं दिए जाएंगे. बोर्ड न तो परसनटेज की गिनती करेगा और न ही रिजल्ट में इसकी जानकारी दी जाएगी.अगर हायर स्टडीज के लिए या नौकरी के लिए परसनटेज कैलकुलेशन की जरूरत पड़ती है तो संस्थान या कंपनी खुद ये कैलकुलेशन कर सकती है. बोर्ड इस बारे में कोई जानकारी नहीं देगा.



# जेलों में गोलगप्पे, आइसक्रीम और गेम खेलने का नियम आ गया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट , 2 दिसंबर , महाराष्ट्र की जेलों में अब कैदियों को कैटीन कई नई चीजे खाने को मिलेंगी, जिसमे पानी पुरी, मिठाई और आइसक्रीम जैसी चीजे शामिल होगी। हाल ही में महाराष्ट्र जेल विभाग की तरफ से एक बड़ी अपडेट सामने आई है, विभाग ने जेल कैंटीन में कई चीजे शामिल की है, जिसे कैदी आसानी से खरीद सकते हैं। राज्य की सभी जेलों में कैदियों को जरूरी सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कैंटीन कैटलॉग में कुल 173 आइटम जोड़े गए हैं।


कैंटीन कैटलॉग में शामिल 173 आइटम

महाराष्ट्र जेल विभाग की तरफ से जारी की गई सूची में चाट मसाला, अचार, नारियल पानी, शतरंज बोर्ड, जई, कॉफी पाउडर, लोनावाला चिक्की, सुगर फ्री मिठाई, आइसक्रीम, ऑर्गेनिक फ्रूट, पीनट बटर, पानी पुरी, आर्ट्स बुक्स, कलर आइटम आदि जैसी उल्लेखनीय चीजे शामिल हैं। वहीं, विशेष रूप से विचाराधीन कैदियों के लिए बरमूडा शॉर्ट्स और टी-शर्ट भी उपलब्ध होगी। इसके अलावा इस लिस्ट में फेस वॉश, हेयर डाई आदि जैसे समानों को भी जोड़ा गया है। तंबाकू की तलब को शांत करने के लिए निकोटीन आधारित गोलियों की भी अनुमति दी गई है।

**कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुधारना**

एडीजीपी (जेल) अमिताभ गुप्ता ने मीडिया को बताया कि प्रतिबंधों के कारण कैदियों के मूड में बदलाव होता रहता है। तय किये गए अनुशासन मापदंडों के तहत कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखना और उनमें सुधार करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहलू है। कैदियों के खाने लिस्ट को बढ़ा कर, उनके लिए नए ऑप्शन तैयार किए गए। इस विस्तार से उनके पूरे आचरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावनाएं बढ़ जाएगी।

## संपादकीय



### चौंकाऊ एग्जिट पोल

पांच राज्यों-मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम-में विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया सम्पन्न हो चुकी है। अब 3 दिसंबर को जनादेश सार्वजनिक किए जाएंगे, लेकिन मतदान के बाद एग्जिट पोल के अनुमान चौंका देने वाले हैं। हालांकि विभिन्न अनुमानों में विरोधाभास हैं। निष्कर्ष भी विभाजित हैं, लेकिन एक चुनावी रुझान स्पष्ट हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के संबोधनों का असर कहीं 20 फीसदी के करीब है, तो किसी राज्य में 5 फीसदी का अनुमान लगाया गया है। प्रधानमंत्री के चेहरे और संबोधन से भाजपा को अब भी वोट मिल रहे हैं, यह निश्चित लगता है। एग्जिट पोल की परंपरा भारत में नहीं थी। यह चुनावी मूल्यांकन की पश्चिमी पद्धति है, लेकिन वहां काफी सटीक साबित होती रही है। हमारे देश में भी कुछ चुनावी अनुमान 65 फीसदी से 95 फीसदी तक सही रहे हैं, लिहाजा एग्जिट पोल को नकारा नहीं जा सकता। बहरहाल सबसे चौंकाऊ अनुमान तेलंगाना के हैं, जहां बीते 10 साल से सत्तारूढ़ रहे चंद्रशेखर राव और उनकी पार्टी बीआरएस की विदाई का वक्त आ गया लगता है। एग्जिट पोल में वे पिछड़ते लग रहे हैं और कांग्रेस की बहुमत वाली सरकार बनने की संभावनाएं सर्वाधिक हैं। यदि ऐसा होता है, तो कांग्रेस के पुनरोत्थान का अध्याय शुरू हो सकता है। तेलंगाना का 'सहोदर राज्य' आंध्रप्रदेश है, जहां आज भी कांग्रेस का काडर शेष है। पड़ोसी राज्य कर्नाटक में कांग्रेस सत्तारूढ़ है और तमिलनाडु में सरकार का एक घटक है। केरल में प्रमुख विपक्षी दल है, जिसके लोकसभा सांसद सर्वाधिक हैं। यदि कांग्रेस नेतृत्व ने गंभीर प्रयास किए, तो पार्टी दक्षिण भारत से 'चुनावी ताकत' बनकर उभर सकती है। यह भाजपा के लिए प्रत्यक्ष चुनौती है। बहरहाल दूसरा चौंका देने वाला अनुमान राजस्थान के संदर्भ में सामने आया है। हालांकि एग्जिट पोल के आंकड़े विभाजित और विभिन्न हैं, लेकिन अनुमान ऐसे हैं कि उस राज्य में कांग्रेस 'सत्ता का रिवाज' बदलती लग रही है। कांग्रेस की गारंटियां कारगर और सार्थक होती लग रही हैं। कुछ पोल भाजपा के बहुमत के प्रति आश्वस्त लग रहे हैं, लेकिन कुल मिला कर कांग्रेस और भाजपा के बीच बेहद कड़ी टक्कर लगती है, लेकिन ज्यादा फायदा कांग्रेस के पक्ष में झुक रहा है। यदि कांग्रेस को ही जनादेश मिलता है, तो बीते 30 सालों का रिवाज बदल जाएगा। राजस्थान में 1993 से हर पांच साल के बाद सत्ता बदलती रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान में 15-16 जनसभाओं को संबोधित किया था और राजधानी जयपुर में बड़ा लंबा और जनसमर्थन वाला रोड शो भी किया था, लिहाजा रिवाज बदलता है, तो यह लोकसभा चुनाव के लिए भी सुखद संकेत नहीं है। 2019 के आम चुनाव में राज्य की सभी 25 संसदीय सीटों पर भाजपा उम्मीदवार जीते थे। कमोबेश अब कांग्रेस उस 'शून्य' वाली स्थिति से उबरती लगती है। बहरहाल तीसरा आश्चर्य मध्यप्रदेश के संदर्भ में सामने आया है। वहां के अनुमान हैं कि करीब 18 साल की सत्ता के बावजूद भाजपा दो-तिहाई बहुमत के साथ सत्ता बरकरार रख सकती है। यह भाजपा की 2003 के बाद 5वीं सरकार होगी।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094
**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

रुड़की। क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गया। परिजनों ने तहरीर देकर बताया कि डेलना निवासी 17 वर्षीय शुभम 26 नवंबर को किसी काम के बाहर गया था लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजनों को शुभम की चिंता हुई तो उन्होंने आसपास और सभी संभावित स्थानों पर युवक की तलाश की। इसके बाद परिजनों ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है।

### कैलिफोर्निया की महिला का फोन गुम

रुड़की। कैलिफोर्निया की एक महिला का शादी समारोह में फोन गुम हो गया। पीड़िता ने कोतवाली में शिकायत की है। सिविल लाइंस कोतवाली को अशोकनगर आई संध्या गोस्वामी ने तहरीर देकर बताया कि वह अमेरिका के कैलिफोर्निया से तीन दिन पूर्व एक शादी समारोह में आई थी। जहां पर फोन गुम हो गया था। फोन में कंपनी का काफी सीक्रेट डाटा व काफी अन्य जरूरी जानकारी थी। पुलिस ने तहरीर पर फोन को ढूंढना शुरू कर दिया है।

### संजय सैनी को मिला पशुपतिनाथ अवॉर्ड

रुड़की। क्वाड्रा संस्थान के जनसम्पर्क अधिकारी योगाचार्य संजय सैनी को अंतरराष्ट्रीय वैदिक ज्योतिष महासंघ द्वारा काठमांडू में पंचमवेदा और पशुपतिनाथ अवार्ड से सम्मानित किया गया। सैनी ने कहा कि यह उनके लिए स्वर्णिम अवसर है। पूरा विश्व अपने कदम सनातनी संस्कृति योग, आयुर्वेद, ज्योतिष की ओर बढ़ा रहा है।

### बढ़ते अपराध के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन

रुड़की। सुराज सेवा दल ने प्रदेश में बढ़ते अपराधों के खिलाफ मंगलौर से रुड़की तक वाहन रैली निकाली। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। दल ने प्रदेश में अपराध पर अंकुश लगाने की मांग की। सुराज सेवादल के कार्यकर्ता मंगलौर के अब्दुल कलाम चौक पर इकट्ठा हुए। इसके बाद अपने वाहनों से रैली निकालकर रुड़की में तहसील कार्यालय पहुंचे। तहसील परिसर में प्रदर्शन कर सभी कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए।

## संक्षिप्त खबरें

### ओवरलोड ट्रक ने युवती को कुचला, लोगों ने सडक़ जाम की

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के गांव फेरुपुर में गन्ने से लदे ओवरलोड ट्रक ने युवती को कुचल दिया। हादसे में युवती की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी चालक मौके पर ट्रक को छोडक़र भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती के शव को आनन-फानन में जिला अस्पताल भेज दिया। गुस्साए लोगों ने पथरी फेरुपुर मार्ग पर जाम लगा दिया। लोगों का कहना था कि पुलिस को ओवलोड वाहनों पर कार्रवाई करनी चाहिए। पुलिस के अनुसार फेरुपुर निवासी युवती सुषमा 23 वर्ष पुत्री लाल सिंह अम्बुवाला में पोस्टऑफिस में कार्य करती थी। पोस्ट ऑफिस से ड्यूटी खत्म कर वह स्कूटर पर सवार होकर अपने घर जा रही थी। तभी पीछे से आ रहे गन्ने से लदे ओरलोड ट्रक ने स्कूटर को टक्कर मार दी। जिससे युवती स्कूटर सहित सडक़ पर गिर गई और ट्रक ने उसे कुचल दिया। ट्रक के नीचे आने के कारण युवती की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती के शव को आनन-फानन में जिला अस्पताल भिजवाया। घटना की जानकारी के बाद युवती के परिजन और अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ट्रक चालक ट्रक को मौके पर छोडक़र खेतों के रास्ते भाग निकला। गुस्साए लोगों ने पथरी फेरुपुर मार्ग पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि लक्सर हरिद्वार मार्ग पर धड़ल्ले से ओवरलोड वाहन दौड़ रहे हैं, लेकिन पुलिस कार्रवाई नहीं करती है। पुलिस ने किसी तरह लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया ट्रक के नीचे आने के कारण युवती की मौत हुई है। चालक की तलाश की जा रही है। तहरीर आने के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### लमगड़ा पुलिस ने जीआईसी चौड़ा अनुली में लगाई जागरूकता पाठशाला

अल्मोड़ा। लमगड़ा पुलिस ने राजकीय इन्टर कॉलेज चौड़ा अनुली में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध, सडक़ सुरक्षा, महिला सुरक्षा व नशे के दुष्प्रभावों सहित विभिन्न विषयों पर महत्त्वपूर्ण जानकारी दी। गुरुवार को थानाध्यक्ष लमगड़ा दिनेश नाथ महंत द्वारा राजकीय इन्टर कॉलेज चौड़ा अनुली में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावो से जागरूक कर जीवन में हमेशा नशे से दूर रहने तथा गांव या आसपास नशे से सम्बन्धित सामग्री बेचने वालों की सूचना पुलिस को देने हेतु बताया गया। पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं को वर्तमान में प्रचलित साइबर अपराध के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर बचाव के उपाय बताकर लोगों को जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म के प्रयोग के दौरान सुरक्षा हेतु बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में जानकारी दी गई। सडक़ सुरक्षा के प्रति जागरूक कर यातायात नियमों व एमवी एक्ट के प्रावधानों की जानकारी देकर यातायात नियमों का हमेशा पालन करने हेतु कहा गया। पुलिस हेल्पलाईन नम्बर डायल 112, साईबर क्राईम हेल्प लाईन नम्बर 1930, महिला हेल्प लाईन नम्बर 1090 सहित अन्य हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए किसी भी प्रकार की समस्या/शिकायत होने पर तत्काल इन नम्बरों पर सूचना देने हेतु बताया गया। छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टॉफ को उत्तराखण्ड पुलिस एप में उपलब्ध सभी आनलाईन सुविधाओं, महिला सुरक्षा फीचर गौरा शक्ति एसओएस बटन की उपयोगिता के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया गया।

### अल्मोड़ा पुलिस ने सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मियों को दी विदाई

अल्मोड़ा। पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हो रहे उपनिरीक्षक दूरसंचार पूरन सिंह नित्वाल व अपर उपनिरीक्षक विपिन चन्द्र जोशी के पुलिस विभाग से सेवानिवृत्ति के अवसर पर पुलिस लाईन अल्मोड़ा के सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मियों द्वारा अपने सेवाकाल के अनुभवों को उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से साझा किया तथा सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं मेहनत लगन से करते हुए हमेशा अपने उच्चाधिकारियों के आदेश-निर्देशों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया। उपस्थित पुलिस अधिकारियों द्वारा उपनिरीक्षक दूरसंचार पूरन सिंह नित्वाल व अपर उपनिरीक्षक विपिन चन्द्र जोशी के पुलिस विभाग में नियुक्त रहते हुए उनके अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, मेहनत, लगन व ईमानदारी से किये गये कार्यों की सराहना की गई व सेवानिवृत्त हो रहे दोनों पुलिस कर्मियों को फूल माला पहनाकर, शाल ओढ़ाकर, प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह के दौरान मंच संचालन अपर उपनिरीक्षक दामोदर कापड़ी द्वारा किया गया। विदाई समारोह के अवसर पर सीओ संचार राजीव कुमार टम्टा, सीएफओ अल्मोड़ा नरेन्द्र सिंह कुंवर, निरीक्षक दूरसंचार उमाशंकर पाण्डे, यातायात निरीक्षक गणेश सिंह हरडिया सहित अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण व सेवानिवृत हो रहे पुलिस कर्मियों के परिजन मौजूद रहे।

### प्रतियोगिता में गढ़वाली नृत्य रहा प्रथम

रुड़की। केंद्रीय विद्यालय दो में संविधान दिवस सप्ताह तथा एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रमों की श्रृंखला में परिचर्चा तथा नृत्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रो. अरविंद नारायण मिश्रा ने संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में बताया। साथ ही संविधान के अनुच्छेदों के बारे में बताया। एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिता में गढ़वाली नृत्य को प्रथम, तेलुगू को द्वितीय, राजस्थानी लोक नृत्य को तृतीय पुरस्कार मिला। इस दौरान प्राचार्य अरविंद कुमार, घनश्याम बादल, तृप्ता शर्मा, कल्पना गुप्ता, प्रियंका सिंघल, विकास शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, रीता सिंह, डॉ. वंदना सैनी, प्रवेश कुमार, नीरज पंवार, जे. स्मृति, संजीव कुमार, भावना शर्मा, सुमन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### कस्बे का युवक स्मैक के साथ गिरफ्तार

रुड़की। कस्बा चौकी की पुलिस ने भुरनी मार्ग पर खड़े युवक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 10.13 ग्राम स्मैक बरामद हुई। कस्बा चौकी इंचार्ज एसआई अंकुश अग्रवाल को मुखबिर ने सूचना दी कि एक युवक किसी से स्मैक लेने नरोजपुर होकर भुरनी गांव की ओर पैदल जा रहा है। इस पर चौकी प्रभारी अग्रवाल, सिपाही पंचम प्रकाश और रियाज अली रास्ते पर खड़े होकर आरोपी का इंतजार करने लगे। काफी देर बाद उन्होंने भुरनी की ओर से आ रहे सौरभ पुत्र मुकेश निवासी आदर्श कालोनी को रोक लिया। पूछताछ के बाद तलाशी लेने पर उसकी जेब से पन्नी में लपेटकर रखी 10.13 ग्राम स्मैक बरामद हुई। एसएसआई मनोज गैरोला ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### एक ही जमीन को दो लोगों को बेचा

रुड़की। देहरादून निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर एक व्यक्ति पर धोखाधड़ी कर जमीन बेचने का आरोप लगाया। पुलिस ने मामला दर्ज दर जांच शुरू कर दी है।कालिदास रोड निवासी मोहन प्रसाद काला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दिल्ली के एक व्यक्ति से मक्खनपुर गांव में कृषि भूमि खरीदी थी। आरोप है कि इससे पहले उसने यह जमीन किसी अन्य को बेच दी थी। थाना प्रभारी रमेश तनवार ने बताया कि दिल्ली के चाणक्यपुरी निवासी शाबरमल अग्रवाल के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया है।

# देहरादून स्मार्ट सिटी की 25वीं सिटी एडवाइजरी लेवल फोरम की मीटिंग हुई संपन्न





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 02 दिसंबर : देहरादून स्मार्ट सिटी की सिटी एडवाइजरी लेवल फोरम की बैठक लैंसडाउन चौक के निकट नवनिर्मित दून लाइब्रेरी के कांफ्रेंस हॉल में माननीय महापौर सुनील उनियाल की अध्यक्षता एवं माननीय सांसद नरेश बंसल , माननीय विधायक राजपुर श्री खजान दास एवं माननीय विधायक रायपुर उमेश शर्मा ' काऊ' जी की उपस्थिति में आयोजित की गई जिसमें मुख्य कार्यकारी अधिकारी देहरादून स्मार्ट सिटी,अधीक्षण अभियंता देहरादून स्मार्ट सिटी एवं अन्य रेखीय विभागों यथा पेयजल निगम सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल संस्थान उत्तराखंड पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।

विदित हो की महापौर के रुप में श्री सुनील उनियाल 'गामा' का कार्यकाल आज पूर्ण हो रहा है। इस अवसर पर सभी उपस्थित प्रतिभागियों ने उनके सफल कार्यकाल की सराहना की गई। माननीय महापौर ने भी अब तक स्मार्ट सिटी के कार्यों की प्रगति पर संतोष प्रकट किया। माननीय महापौर ने कहा कि अब स्मार्ट सिटी का स्वरूप देहरादून में दिखने लगा है। उन्होंने विश्वास जताया की हम सभी भविष्य में भी अपने प्रयासों से देहरादून को जनता की भावनाओं के अनुसार एक बेहतर शहर बनने का प्रयास जारी रखेंगे। सिटी एडवाइजरी फोरम की बैठक में सभी का स्वागत मुख्य कार्यकारी अधिकारी देहरादून स्मार्ट सिटी ने किया तत्पश्चात जगमोहन चौहान अधीक्षण अभियंता ने स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत देहरादून स्मार्ट सिटी के अंतर्गत प्रस्तावित 22 परियोजनाओं के विषय में फोरम के सदस्यों को अवगत कराया की उक्त में से 16 परियोजनाएं पूर्ण की जा चुकी हैं एवं 6 परियोजनाएं गतिमान है जिसमें वर्तमान में प्रगति लगभग 70% से अधिक है ।

गतिमान परियोजनाओं में स्मार्ट रोड परियोजना का कार्य तीव्रता से युद्ध स्तर पर किया जा रहा है ताकि परियोजना कार्य को समय से पूर्ण किया जा सके कार्यों पर फोरम के सदस्यों द्वारा संतोष व्यक्त करते हुए हरिद्वार रोड के कार्यों पूर्ण करने हेतु विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया साथ ही रेखीय विभाग यूपीसीएल को निर्देशित किया कि शीघ्रता से विद्युत तारों को भूमिगत करने हेतु अपने स्तर से पूर्ण प्रयास करें ताकि जनता को शीघ्र का परियोजना का लाभ मिल पाए। इसके अतिरिक्त सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा देहरादून स्मार्ट सिटी के अंतर्गत विकसित की जा रही ग्रीन बिल्डिंग के कार्य में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोनिका जी ने कहा कि आगामी इन्वेस्टर समिट के दृष्टिगत स्मार्ट रोड से संबंधित सभी कार्य को शीघ्र पूर्ण किए जाने हेतु युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है।

# घपले-घोटालो को छुपाने के लिए राज्य सरकार ने टाले चुनाव : रविंद्र सिंह आनंद

■ देहरादून मेयर गामा का कार्यकाल घपले घोटाला से भरा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून , 2 दिसंबर , आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता रविंद्र सिंह आनंद ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा नगर निगम एवं नगर पालिका के चुनाव टालने का मुख्य कारण घपले -घोटाले बताया ।उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से नगर पालिका एवं नगर निगम में घपले घोटाले हुए और बोर्ड की बैठकों में अपने करीबियों को काम दिलाने के चलते जिस प्रकार से बोर्ड के झगड़े मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक हुए उसके डर से राज्य सरकार ने चुनाव को टालना ही उचित समझा क्योंकि राज्य सरकार यह जानती थी कि यदि चुनाव समय पर कराए तो नगर निगम में बड़ी हार होगी ।

उन्होंने देहरादून का उदाहरण देते हुए कहा कि देहरादून मेयर सुनील उनियाल गामा के कार्यकाल पर सवाल खड़े किए उन्होंने कहा कि नगर एवं वार्डों के विकास कार्यों की आड़ में मेयर सुनील उनियाल गामा हमेशा विवाद में रहे और उनके कार्यकाल में घपले घोटाले होते रहे साथ ही उनका कार्यकाल जनता के लिए निराशाजनक रहा ।

उन्होंने स्मार्ट सिटी एवं नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से किये जा रहे कार्यों पर भी प्रश्न चिन्ह लगाते हुए उसमें घपला होने की बात कही उन्होंने कहा कि मेयर सुनील उनियाल गामा पर लगातार भ्रष्टाचार के आरोप एवं आय से अधिक संपत्ति के आरोप लगाते रहे परंतु उन्होंने कभी भी अपनी संपत्ति को सार्वजनिक नहीं किया और ना ही पिछले चार-पांच वर्षों में उनकी संपत्ति में करोड़ों का इजाफा होने पर कोई प्रमाण ही पेश किये ।उन्होंने कहा नगर निगम में वेस्ट मैनेजमेंट हेतु जिस प्रकार ट्रैक्टर ट्रालियों के टेंडर में सांठगाठ की गई वो किसी से छुपी नहीं है उन्होंने कहा मेयर का कार्य होता है नगर की साफ सफाई एवं विकास कार्य करना यहां तो गामा जी ने जनहित को छोड़ अपना ही विकास कर डाला।

# प्लांट के नाम पर धोखाधड़ी विरोध पर फिरौती मांगी

रुडक़ी। केमिकल प्लांट के साझेदारों में लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। इस बीच प्लांट के असल मालिक के साथ साझेदारों ने गाली गलौज कर मारपीट की और लाखों रुपये की फिरौती मांगी। विरोध करने पर प्लांट में तोडफ़ोड़ कर दी। पुलिस ने गंभीर धाराओं में साझेदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस को बिजनौर की चन्द्रपुर तहसील के शादीपुर मिलक के गांव बिटाल निवासी अभिषेक कुमार ने तहरीर देकर बताया कि बेलड़ा में सासा मेटल वक्र्स केमिकल प्लांट चल रहा है। अफजाल और सावेज ने इस प्लांट में साझेदारी की बात कही थी। बातचीत में बीस-बीस फीसदी साझेदारी की बात तय हुई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### गन्ने की खोई में आग लगने से मचा हडक़ंप

रुडक़ी। गन्ना कोल्हू में लगे इंधन के ढेर में आग लगने से आसपास हडक़ंप मच गया। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिसके चलते एक बड़ा हादसा टल गया। झबरेड़ा मंगलौर मार्ग स्थित कोल्हू के पास प्लाट में इंधन के रूप में प्रयोग होने वाली खोई का बड़ा ढेर लगा हुआ था। उसमें अचानक आग लग गई। खोई के ढेर में आग की लपटें उठती देख वहां काम कर रहे लोगों में हडक़ंप मच गया। लोगों ने खेत में लगे नलकूप से पाइप डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इसके बाद नगर पंचायत के दवाई छिडक़ाव वाले टैंकर में पानी भरकर आग पर काबू पाया गया।

### नगर पंचायत इमलीखेड़ा में पहली बार होगा निकाय चुनाव

रुडक़ी। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्थानीय निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार करने का कार्य किया जा रहा है। नवगठित नगर पंचायत इमलीखेड़ा के सभी नौ वार्डों में सूची तैयार करने के लिए करीब 12 कर्मचारियों को लगाया गया है। बूथ स्तर पर भी कर्मचारियों को नियुक्ति किया गया है। इमलीखेड़ा, रानघड़वाला, गुम्मावाला माजरी गांव को मिलाकर सूची बनाई गई है। नवगठित नगर पंचायत इमलीखेड़ा का कार्यभार अधिशासी अधिकारी आदेश कुमार संभाल रहे हैं। इस बार नगर पंचायत इमलीखेड़ा में पहली बार चुनाव होना है जिसमें नौ वार्ड बनाए गए हैं।

### जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में फायरिंग

रुडक़ी। जमीन के विवाद को लेकर गांव के दो पक्षों में जमकर गोलीबारी हुई। काफी देर तक हुई ताबड़तोड़ फायरिंग से गांव में हडक़ंप मच गया। पुलिस आने की सुचना पर आरोपी मौके से फरार हो गए। दोनों पक्षों की ओर से मिली तहरीर के आधार पर पुलिस ने कुल 22 लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास और अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। इस घटना में सात से ज्यादा वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। नारसन क्षेत्र के गांव टिकौला कलां निवासी दो पक्षों में जमीन के विवाद को लेकर जबरदस्त संघर्ष हुआ। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां कुछ क्षतिग्रस्त वाहन भी मिले हैं। इसमें एक जेसीबी मशीन भी शामिल है। एक पक्ष की ओर से विजय ने पुलिस को तहरीर दी कि 29 नवंबर की शाम को वह अपने ईंट भ_े पर मुंशी से हिसाब-किताब करने अपनी कार से गए थे। भट्टे में प्रवेश किया तो एक कार ने सामने से उसकी कार को टक्कर मार दी। उसमें कई लोग सवार थे। फिर अन्य वाहनों में भी सवार कुछ और आरोपी मौके पर पहुंच गए।

### स्कूली बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरीत की

रुडक़ी। निवर्तमान मेयर गौरव गोयल ने अंबर तालाब प्राथमिक विद्यालय नंबर एक और 12 में बच्चों को पेंसिल, बॉक्स, बैग आदि बांटे। प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार और रीता सैनी ने इसकी सराहना की। इस अवसर पर अंजना सैनी, अनुपम बंसल, रीमा गर्ग, अंजू रानी, ओमकली, गुलनाज, अंगूरी देवी, शिवानी, धर्मपाल जाटव, शगुन पंडित, तुषार गोयल, सार्थक गोयल, निखिल सेठी आदि मौजूद रहे।